आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 13.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- आयकर विधेयक 2025 आज लोकसभा में पेश–वक्फ संशोधन विधेयक से सम्बद्ध जेपीसी की रिपोर्ट भी प्रस्तुत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से महत्वपूर्ण मुलाकात करेंगे–दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर समझौतों की उम्मीद।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- विश्व रेडियो दिवस पर आज कई कार्यक्रम–प्रधानमंत्री ने शुभकामनाएं दीं।

000

आयकर विधेयक 2025 आज लोकसभा में पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निचले सदन में विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में मौजूदा आयकर अधिनियम की तुलना में धाराओं और अध्यायों की संख्या कम की गई है और इसे सरल बनाया गया है ताकि आम नागरिक आसानी से समझ सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित विधेयक में धाराओं की संख्या 536 है, जबकि 1961 के आयकर अधिनियम में 819 धाराएं थीं। सुश्री सीतारमण ने सुझाव दिया कि विधेयक को जांच के लिए संसद की प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए।

000

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 से संबद्ध संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज विपक्ष के विरोध के बीच संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट, कार्यवाही और असहमति नोट का कोई भी हिस्सा हटाया नहीं गया है। उन्होंने विपक्ष पर इस मुद्दे पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति ने पूरी कार्यवाही नियमों के तहत संचालित की। उन्होंने यह भी कहा कि सभी असहमति नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में संलग्न हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी का अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ नेताओं और व्यापार जगत के दिग्गजों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। इससे पहले, फ्रांस की सफल यात्रा के बाद दो दिन की यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका की राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय खुफिया सहयोग बढ़ाने, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी रणनीति, साइबर सुरक्षा, उभरते खतरों और रणनीतिक खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा हुई।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसके लिए सरकार तथा निजी कम्पनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज जयपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ विभिन्न नीतियों के जरिए औद्योगिक विकास के लिए काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही पूंजीगत व्यय में 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश को और अधिक बढ़ाने के लिए भी सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने आह्वान किया कि निवेशक राज्य सरकार द्वारा जारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए राज्य में निवेश करें।

000

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्‍व रेडियो दिवस मनाया जाता है। पेश है एक रिपोर्ट –

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि रेडियो कई लोगों के लिए जीवनरेखा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक का यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है।

श्री मोदी ने लोगों से मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

वहीं, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव–2025 की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि रेडियो लोगों को जोड़ता है और राष्ट्रों और समुदायों के बीच संबंध बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्री जाजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है। इस मौके पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने कहा कि लोगों को आकाशवाणी के कार्यक्रमों की सामग्री के साथ–साथ समाचारों पर भी भरोसा है।

000

**समाचार महाकुंभ से –**

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान लोगों को अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर ऐसे अकाउंट की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है जो महाकुंभ को लेकर फर्जी खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने आमजन से भ्रामक जानकारी और फ़र्ज़ी खबरों से दूर रहने की अपील की है।

000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिज़र्व के बाद अब क्षेत्र के पालीघाट में चंबल घड़ियाल सेंचुरी भी नए पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रहा है। रोजाना सैकड़ों देशी–विदेशी पर्यटकों और वन्य जीव प्रेमियों की आवक होने से यहां के लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलने लगे हैं।

000

बांसवाड़ा के रीको औद्योगिक क्षेत्र में आज एक पटाखा फैक्ट्री में लगी भीषण आग में 25 लोग झुलस गए। पुलिस के अनुसार फैक्ट्री में काम के दौरान तेज धमाके के साथ आग लग गई। इसकी चपेट में आने से कई बच्चे भी झुलस गए। सूचना मिलने पर दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। झुलसे हुए सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने झुंझुनू की जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाल यूनिवर्सिटी के पीएचडी कोर्स पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से पीएचडी विद्यार्थियों का नामांकन बंद करने को कहा है। यूजीसी को इस विश्वविद्यालय के पीएचडी कोर्स में लगातार अनियमितताओं को लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर यूजीसी सचिव मनीष जोशी की ओर से ये आदेश जारी किए गए हैं। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. देवेन्द्र सिंह ढूल ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस संबंध में यूजीसी के सामने फिर अपना पक्ष रखेगा।

000